# मॉरीशस में टैगोर की प्रतिमा का अनावरण

## साहित्य, कला, सांस्कृतिक के वैश्विक महोत्सव विश्व रंग 2024 का आयोजन

**भोपाल, 10 अगस्त. मॉरीशस में आयोजित विश्वरंग 2024 के दौरान गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन ने किया.**

इस दौरान उन्होंने कहा कि मॉरीशस में विश्वरंग का होना और गुरुदेव की मूर्ति की स्थापना अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है. भारत और मॉरीशस की एक साझा संस्कृति है. विश्व रंग हमारी साझा संस्कृति को ओर अधिक मजबूती प्रदान करेगा. इसके लिए उन्होंने रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (भारत) के कुलाधिपति संतोष चौबे को बधाई दी. रूपन ने गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया. यह प्रदर्शनी भी रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (भोपाल) द्वारा मॉरीशस स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर संस्थान को भेंट की गई.

कार्यक्रम में उप प्रधानमंत्री लीलादेवी दुकन ने कहा कि भारतीय संस्कृति-वैश्विक मंच विश्व रंग टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव का भोपाल से मॉरीशस की रचनात्मक यात्रा दोनों देशों के साहित्यिक, सांस्कृतिक और भाषा शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम है. उल्लेखनीय है की गुरुदेव की प्रतिमा की स्थापना विश्वरंग के निदेशक व रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के कुलाधिपति संतोष चौबे के द्वारा भेंट स्वरूप मॉरीशस में की गई है. इस अवसर पर डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (भारत) तथा डॉ. राजकुमार रामपरताब, महानिदेशक, महात्मा गांधी संस्थान, मॉरीशस ने मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किये. इन्द्रदत्त राम, अध्यक्ष महात्मा गांधी संस्थान एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर संस्थान, मॉरीशस ने भी अपने विचार व्यक्त किये. समारोह का संचालन डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलाधिपति, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय (भारत), एवं विनय उपाध्याय, निदेशक टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र द्वारा किया गया. समारोह में कोलकाता की बांग्ला गायिका जयति चक्रवर्ती ने रबीन्द्र संगीत के बांग्ला गीतों और हिंदी गीतों की प्रस्तुति दी. बता दें मॉरीशस में विश्वरंग का छठवें संस्करण का आयोजन 9 अगस्त तक किया गया था.



### दूसरे दिन स्मरण

अभिमन्यु अनत- विश्व साहित्य चेतना के रचनाकार विषय पर आयोजित सत्र का संचालन विश्व रंग के सह-निदेशक एवं वरिष्ठ कवि लीलाधर मंडलोई ने किया. वरिष्ठ कवि डॉ. जितेन्द्र श्रीवास्तव (दिल्ली) ने किया विषय प्रवर्तन. डॉ. वेदप्रकाश सिंह (जापान), डॉ. संयुक्ता भोवन रामसारा (मॉरीशस), और युवा आलोचक अच्युतानंद मिश्र (केरल) ने अपने विचार व्यक्त किये.

# भक्ति-श्रद्धा से मना नेमी प्रभु का जन्मतप कल्याणक

## आज मनाया जाएगा भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक, लाडू चढ़ाए जाएंगे

**भोपाल, 10 अगस्त.** जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक झिरनो मंदिर में आर्यिका गुरुमति माताजी एवं दृढ़ मति माताजी ससंघ के सानिध्य में शनिवार को भक्ति भाव से मनाया गया. इसके साथ ही शहर के सभी जिनालयों में विशेष पूजा, अभिषेक सहित धार्मिक कार्य संपन्न हुए. ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि रविवार को जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक आर्यिका संघ के सानिध्य में चौक मंदिर में भक्ति भाव से मनाया जाएगा.

इस मौके पर सुबह मूलनायक अतिशयकारी नेमीनाथ भगवान के मस्तक पर 1008 चांदी के कलशों से मस्तकाभिषेक पुण्यर्जको द्वारा किए गए. महिला मंडल ने भगवान को पालने में झूलने की व्यवस्था कर सबको आकर्षित किया. अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई.



आर्यिका गुरुमति माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रभु के जन्म कल्याणक से हमें जीवन जीने का तरीका सीखना चाहिए. भगवान का जन्म होने पर उनकी व्यवस्था करने स्वर्ग से इंद्र आते हैं, प्रभु ने इस जन्म से काफी पहले से अपने भावों को सुधार कर अपनी हर इंद्रीय को संभाला, वह भी पूर्व में हमारे ही तरह थे लेकिन उन्होंने अपने भावों को सुधारा और इस भव में अपना अंतिम भव बनाया. अनन्त भव से जो मलिनता हमने मन में एकत्रित कर रखी हैं उसे प्रभु ने अपने जीवन में धोकर अपने मन को अपनी आत्म को पवित्र किया है.

## बीयू में बीपीईएस सेकंड व फोर्थ सेमेस्टर के आवेदन 21 तक

**भोपाल, 10 अगस्त.** बरकताउल्ला विश्वविद्यालय में बीपीईएस सेकंड और फोर्थ सेमेस्टर नियमित व एटीकेटी के परीक्षा आवेदन भरना शुरू हो गए हैं, परीक्षार्थी फीस के साथ 21 तक आवेदन जमा कर सकेंगे. इसके बाद 300 रुपए लेट फीस के साथ आवेदन 22 से 27 अगस्त तक भरे जाएंगे. इसके बाद विशेष विलंब शुल्क एक हजार रुपए के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं. इसके लिए 28 अगस्त तक परीक्षा शुरू होने से तीन दिन पहले तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं.

# सिंधी डिश कुकिंग स्पर्धा आयोजित

**भोपाल, 10 अगस्त.** भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति भोपाल द्वारा शनिवार 10 अगस्त को भोपाल एवं नर्मदापुर संभाग में सिंधी डिश कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें पूज्य पंचायत इटारसी के सहयोग से भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा द्वारा इटारसी शहर में इसका आयोजन 10 अगस्त शाम 4 बजे से सिंधु भवन सिंधी कालोनी में किया गया.

प्रतियोगिता में 40 प्रतियोगियों ने भाग लिया, जिसमें निर्णायक टीम में भोपाल से नीलू ज्ञानचंदानी, प्रिया खेमचंदानी एवं अतिथि अर्जुन दास नेभनानी, चंदा नेभनानी द्वारा सिंधी डिश का टेस्ट लिया गया. इसमें जो भी प्रथम, द्वितीय आएगा उन्हें भोपाल के मानस भवन में 1 सितम्बर को पुरस्कृत किया जाएगा. इस अवसर पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, भारतीय सिंधु सभा नगर अध्यक्ष गोपाल सिद्धवानी एवं भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित थीं.



### एक नजर में



## संभावना में आज तमूरा नृत्य-गायन

**भोपाल.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना में रविवार 11 अगस्त को चरण सिंह गोण्ड एवं साथी, सरदई (सागर) द्वारा तमूरा नृत्य-गायन एवं अनुजा जोशी एवं साथी, खण्डवा द्वारा गणगौर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी. ये प्रस्तुतियां मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय परिसर में दोपहर 02 बजे से प्रारंभ होंगी.



## नि:शुल्क शिविर में मरीजों ने लिया परामर्श

**भोपाल.** लायंस क्लब भोपाल न्यू लेक सिटी भोपाल में शनिवार को नि:शुल्क ऑर्थोपेडिक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मिरेकल हॉस्पिटल भोपाल एवं हैदराबाद ओमेगा हॉस्पिटल जबलपुर के डॉक्टरों की टीम ने क्लब के सदस्यों की जांच और परामर्श दिया. इस कैंप का उद्देश्य हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों से संबंधित समस्याओं का निदान और उपचार प्रदान करना था. कैंप में सर्जन डॉ. अमित जय कुमार जैन (कोट वाले) ने 140 से भी अधिक मरीजों को परामर्श दिया. डॉ. जैन ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को उचित परामर्श उपलब्ध कराना था.



## सेवा संग सामाजिक मूल्यों का संवर्धन जरूरी

**भोपाल.** समाजसेवा जीवन का महत्वपूर्ण प्रकल्प है. लेकिन आज के वातावरण में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा सेवा प्रकल्पों के साथ ही हमारे सामाजिक, पारिवारिक मूल्यों के संवर्धन का प्रयास भी जरूरी है. यही समय की मांग है. यह बात मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने देवास के समीप भोंरासा ग्राम में रोटरी क्लब के 22वें शपथ समारोह में मुख्य अतिथि बतौर नवागत क्लब अध्यक्ष डॉ रूप सिंह नागर, सचिव किशोर वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कही. उन्होंने कहा कि आज युवाओं को यह विश्वास दिलाने की ज़रूरत है कि वे अकेले नहीं हैं बल्कि हम सब उनकी ताक़त हैं. कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विधायक राजेश सोनकर एवं प्रमुख सचिव विधान सभा का सम्मान किया गया.

## सुभाष नगर में आंगनबाड़ी का जर्जर भवन तोड़ा

**भोपाल.** सागर में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत होने के बाद भोपाल में भी जर्जर भवन तोड़े जा रहे हैं। शनिवार को सुभाषनगर स्थित एक आंगनवाड़ी के जर्जर भवन को तोड़ दिया गया. वहीं, 6 अन्य भवनों को भी तोड़ने की तैयारी है. बता दें कि जर्जर भवनों और संभावित खतरे को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पिछले दिनों मीटिंग बुलाई थी. अफसरों को जर्जर स्कूलों एवं अन्य भवनों का पता लगाने को कहा था. शिक्षा विभाग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, आरईएस के अफसर-इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी गई. इसके बाद ऐसे भवनों को तोड़ा जा रहा है, जो जर्जर हो चुके हैं.

# आपातकालीन चिकित्सा में एआई के उपयोग पर की चर्चा

## एम्स भोपाल में 20वें अखिल भारतीय आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन के चौथे दिन हुए व्याख्यान

**भोपाल, 10 अगस्त. एम्स भोपाल में 20 वें अखिल भारतीय आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन (ईएमइंडिया-24) के चौथे दिन विभिन्न व्याख्यानों और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान किया गया.**

शनिवार को आयोजित सत्र में आपातकालीन चिकित्सा में नवीनतम प्रगति और चुनौतियों पर चर्चा की गई. देश भर के जाने-माने विशेषज्ञों ने अपने शोध और नैदानिक अनुभव साझा किए, जिसमें ट्रॉमा केयर, कार्डियोवैस्कुलर इमरजेंसी, बाल चिकित्सा इमरजेंसी और आपातकालीन प्रतिक्रिया में प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित कई विषयों को शामिल किया गया. दिन का एक मुख्य आकर्षण आपातकालीन चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर प्रस्तुति थी, जिसमें आपातकालीन स्थितियों में नैदानिक सटीकता और रोगी परिणामों में सुधार करने में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा की गई. एक अन्य महत्वपूर्ण सत्र जटिल ट्रॉमा मामलों के प्रबंधन पर केंद्रित था, जहां अग्रणी ट्रॉमा सर्जनों द्वारा नवीन सर्जिकल तकनीकों पर चर्चा की गई.

इन कार्यक्रमों में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. एम्स भोपाल के पूर्व छात्रों ने अपने-अपने विभागों का दौरा भी किया.



### रेजिडेंट एजूकेशन प्रोग्राम का उद्घाटन

आईआरआईए रेजिडेंट एजुकेशन प्रोग्राम (आईआरईपी) 2024 का उद्घाटन शनिवार को एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने किया. रेडियोलॉजी एसेंशियल्स थीम पर आधारित यह कार्यक्रम एम्स भोपाल के रेडियोडायग्नोसिस और इमेजिंग विभाग और इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन (आईआरआईए), एमपी चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया. डॉ. सिंह ने कहा रेडियोलॉजी के द्वारा सटीक निदान और प्रभावी उपचार योजना बनायी जा सकती है. जैसे-जैसे चिकित्सा प्रौद्योगिकी विकसित होती है, यह जरूरी है कि हमारे रेजिडेंट रेडियोलॉजिकल नवाचारों की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए नवीनतम ज्ञान और कौशल से लैस हों. हमारे भावी रेडियोलॉजिस्टों को इस क्षेत्र में सीखने, बढ़ने और नेतृत्व करने के लिए एक अवसर है.

## एम्स में सीट अलॉटमेंट 23 को

**भोपाल, 10 अगस्त.** ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए फर्स्ट राउंड का सीट अलॉटमेंट 23 अगस्त को होगा. इसके लिए संबंधित डॉक्यमेंट्स 24 से 29 अगस्त तक जमा करना होंगे. सेकंड राउंड के तहत सीट अलॉटमेंट 13 सितंबर को होगा. इसके बाद डॉक्यमेंट्स 14 से 20 सितंबर तक विद्यार्थियों को जमा करना होंगे. सीट अलॉटमेंट का तीसरा राउंड 5 अक्टूबर को होगा, डॉक्यमेंट्स 6 से 12 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं. अंत में मॉप अप राउंड के तहत सीट अलॉटमेंट 23 अक्टूबर को होगा, डॉक्यमेंट्स 24 से 30 अक्टूबर जमा किए जा सकेंगे.

# कैंडल मार्च निकाला

**भेल, 10 अगस्त.** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचारों से पूरा देश स्तब्ध है. जिसके विरोध में जगह जगह शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा है. इसी के तहत भोपाल के सोनागिरी क्षेत्र में कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें क्षेत्र के लोग हाथों में कैंडल और बैनर लिए शामिल हुए. इसके बाद डॉ.संजय गुप्ता और डॉ. महेश गुप्ता ने सभा को संबोधित किया. इस मौके पर क्वालिटी स्वीट्स के सामने से मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के निवासी हाथों में बैनर और कैंडल लेकर शामिल हुए. जिसमें लिखा था बांग्लादेश के निरपराध हिंदुओं की हत्याएं बंद करो, बंद करो. रैली में भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी भी शामिल हुए.





## खटलापुरा के महंत प्रेम दास उदासीन का निधन

**भोपाल 10 अगस्त.** राजधानी भोपाल के राम मंदिर खटलापुरा धाम के महंत 108 बाबा प्रेम दास उदासीन शनिवार को ब्रह्मलीन हो गए. उनका अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान के साथ साधु संतों के दिशा निर्देश में किया गया. इस मौके पर एसडीएम एन के खेर, एसीपी शैलेंद्र श्रीवास्तव, जहांगीराबाद थाना प्रभारी संजय सोनी की मौजूदगी में मंदिर प्रांगण में किया गया. महंत प्रेम दास को अंतिम विदाई देने बड़ी संख्या में शहर के धर्म प्रेमी बंधु व नागरिक शामिल हुए.



## बच्चों ने किया काबुलीवाला का मंचन

**भोपाल.** चिल्ड्रन्स अकादमी द्वारा अर्घ्य सभागृह में कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर की मूलच रचना पर आधारित और प्रेम गुप्ता के निर्देशन में काबुलीवाला का मंचन किया, जिसमें बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी.

**तैयारी** | महापौर ने यूनिवर्सिटी, कॉलेजों के संचालकों से किया आह्वान

# शैक्षणिक संस्थाएं स्वच्छता में राजधानी भोपाल को देश में नंबर वन बनाएं

**भोपाल, 10 अगस्त. महापौर मालती राय ने कहा है कि शैक्षणिक संस्थाएं शिक्षा के माध्यम से समाज सुधार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, उसी प्रकार वे शहर की स्वच्छता में भी अपनी अहम भूमिका निभाएं और अपने परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखकर अपने शहर भोपाल को स्वच्छता में सिरमौर बनाएं.**

महापौर राय ने यह आह्वान निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन की उपस्थिति में शनिवार को आईएसबीटी सभाकक्ष में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 अंतर्गत विभिन्न निजी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के संचालकों से स्वच्छता पर संवाद करते हुए किया. महापौर ने कहा कि यूनिवर्सिटीज और कॉलेजों के संचालक अपने संस्थानों में भी स्वच्छता की गतिविधियां आयोजित करें और अपने स्टाफ व विद्यार्थियों के माध्यम से आमजन को स्वच्छता हेतु प्रेरित करें.




### हबीबगंज अंडरब्रिज में जमा कचरा तत्काल उठवाया

नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने हबीबगंज अंडरब्रिज में जमा मिट्टी और कचरा तत्काल उठाने के निर्देश दिए. निगम आयुक्त नारायन ने शनिवार को सुबह चार इमली, बांसखेड़ी, अरेरा कालोनी, हबीबगंज, वीर सावरकर सेतु, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को बुलाकर तथा वी.सी. के माध्यम से निर्देशित भी किया. उन्होंने सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने क्षेत्रों के मुख्य मार्गों, सकरी गलियों, कालोनी, मोहल्लों में पैदल घूमकर साफ-सफाई व्यवस्था की निगरानी करने और साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.